


# 591 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दक्षिण-पश्चिम विस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**भोपाल, 12 जुलाई. रवीन्द्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में रविवार को नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा आयोजित तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की 591 प्रतिभाओं को सम्मानित किया.**

इनमें कक्षा 10 वीं के 291, कक्षा 12वीं के 179, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के 48 मेधावी विद्यार्थी तथा खेल, कला और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 73 प्रतिभाएं शामिल रहीं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह केवल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का मंच है.

**बेटियों और युवाओं ने किया गौरवान्वित : सबनानी**

अपने संबोधन में विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की बेटियों और युवाओं ने प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है. कार्यक्रम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) भोपाल के संस्थापक निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह और डीपीआई की राज्य समन्वयक डॉ. मिनी मेहरा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया. समारोह में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही.

## एशियाई चैंपियनशिप में भोपाल के शकील ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल, 12 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** साई (सीआरसी) भोपाल के एथलीट शकील ने चीन के ऑर्डोस में आयोजित पहली एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष 800 मीटर दौड़ का कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई. शकील ने 1 मिनट 48.78 सेकंड का समय निकालते हुए तीसरा स्थान हासिल किया. 800 मीटर स्पर्धा में एशिया के कई मजबूत धावकों के बीच शकील ने शुरुआत से ही अच्छी लय बनाए रखी. अंतिम चरण में उन्होंने अपनी गति बरकरार रखते हुए तीसरे स्थान पर दौड़ पूरी की और भारत के खाते में कांस्य पदक जोड़ा. इस उपलब्धि पर साई (सीआरसी) भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने शकील और उनके कोचिंग स्टाफ को बधाई दी. उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत और बेहतर तैयारी का परिणाम इस पदक के रूप में सामने आया है. संस्था के मुताबिक शकील पिछले कई वर्षों से भोपाल में प्रशिक्षण ले रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं.



# हिंदी लेखिका संघ के नवाचारों को सराहा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 12 जुलाई. हिंदी लेखिका संघ, मध्यप्रदेश भोपाल की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को विश्व संवाद केंद्र, भोपाल में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजश्री रावत ने की, मुख्य अतिथि के रूप में संघ की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार ऊषा जायसवाल उपस्थित रहीं. विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ की पूर्व अध्यक्ष अनीता सक्सेना तथा डॉ. कुंकुम गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.**

संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराडे ने गत वर्ष का आय-व्यय विवरण, वार्षिक लेखा-जोखा तथा संस्था की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. सह सचिव शेफालिका श्रीवास्तव ने वर्षभर आयोजित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया.

**वार्षिक साधारण सभा में वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत**

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राजश्री रावत ने कहा कि हिंदी लेखिका संघ की संस्थापक स्व. सुशीला जी द्वारा बोया गया साहित्यिक बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है. उन्होंने कहा कि डॉ. साधना गंगराडे के नेतृत्व में संस्था ने गत वर्ष उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं और साहित्यिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली है.

कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष वर्षा चौबे ने किया, उपाध्यक्ष साधना शुक्ला ने आभार व्यक्त किया. सभा के अंत में हिंदी लेखिका संघ की दिवंगत सदस्य, वरिष्ठ साहित्यकार आशा सक्सेना एवं प्रख्यात व्यंग्यकार विजया तेलंग को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

मुख्य अतिथि ऊषा जायसवाल ने वर्षभर आयोजित नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने साहित्य को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में सार्थक प्रयास किए हैं. विशिष्ट अतिथियों अनीता सक्सेना, डॉ. कुंकुम गुप्ता ने संस्था की सक्रियता, नियमित कार्यक्रमों तथा सृजनात्मक वातावरण की प्रशंसा करते हुए पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं. कार्यक्रम का शुभारंभ कल्पना विजयवर्गीय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ.

## एक नजर में



### मेधावी विद्यार्थियों को वितरित की मासिक छात्रवृत्ति

**भोपाल, 12 जुलाई.** एक्सपेरिमेंटल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में 2020 खुशियों का वितरण केंद्र की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को मासिक छात्रवृत्ति का वितरण किया गया. भेल के पूर्व महाप्रबंधक यू एम श्रीवास्तव और पूर्व कार्यपालक निदेशक संजीव कॉक ने शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किया. दोनों ही अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें बेहतर नागरिक बनने की शिक्षा दी. 2020 खुशियों का वितरण केंद्र के संयोजक राजेश भारती भी इस अवसर पर मौजूद थे.



### 80 सीए ने साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश

**भोपाल, 12 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** साई (सीआरसी) भोपाल में रविवार को आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' के विशेष संस्करण में 80 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थियों और शहर के नागरिकों ने हिस्सा लिया. फिटनेस और नियमित व्यायाम के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली गई इस साइकिल रैली में सभी प्रतिभागियों ने तय मार्ग पर साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया. रैली की शुरुआत सुबह साई सीआरसी भोपाल परिसर से हुई. प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से साइकिलिंग करते हुए लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया. आयोजन के दौरान अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी देखने को मिली. आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित किया गया. इसका उद्देश्य साइकिलिंग को आसान, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल व्यायाम के रूप में बढ़ावा देना है. इस बार कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआई की भोपाल शाखा के सहयोग से किया गया, जिसमें पेशेवरों और विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई. संस्था के मुताबिक, प्रतिभागियों नेनियमित रूप से साइकिल चलाने का संकल्प लिया.

## नगर में आज

**नाट्य कार्यशाला**
**समय-** शाम पांच बजे से, **स्थान-** कालीबाड़ी मंदिर न्यू मार्केट

**माह का प्रादर्श**
**समय-** सुबह 11 बजे से, **स्थान-** राष्ट्रीय मानव संग्रहालय

**राष्ट्रीय छात्र अध्ययन यात्रा**
**स्थान-** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय

## केसरिया अभिषेक के बाद फूलों से सजे बटेश्वर

**भोपाल, 12 जुलाई.** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर समिति ने रवि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का केसरिया रुद्राभिषेक कर श्रृंगार किया. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में केसर एवं रक्त चंदन से बटेश्वर का केसरिया रुद्राभिषेक कर सभी भक्तों के सूर्य ग्रह को प्रबल करने, आरोग्य व दीर्घायु होने की कामना की गई. देर रात्रि तक चली भजन संध्या के साथ विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार कर महाआरती गई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

# 'नृत्यांजलि' में भरतनाट्यम की प्रस्तुति



**भोपाल, 12 जुलाई.** श्यामल नृत्य कला अकादमी द्वारा रविवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रप सभागार में प्रसिद्ध नृत्यगुरु श्री शंकर होंबल की स्मृति में नृत्य संध्या 'नृत्यांजलि' का आयोजन किया गया. इस आयोजन में अकादमी की नृत्य निर्देशिका डॉ. सुषमा मिश्रा के निर्देशन में अकादमी की शिष्याओं द्वारा 'गुरु वंदना', शिव स्तुति 'भो शम्भो' एवं मां नर्मदा की महिमा 'नर्मदाष्टकम्' की प्रस्तुति में भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी गई. वहीं 'नवधा भक्ति' को नृत्य नाटिका के रूप में भरतनाट्यम नृत्य शैली में प्रदर्शित किया गया.



## धवित, तृषा ने जीते तीन-तीन स्वर्ण

**भोपाल, 12 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** भोपाल जिला मिनी ग्रुप (9-10 वर्ष) तैराकी स्पर्धा में धवित पाठक और तृषा पंथी ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीते. कटारा हिल्स स्थित सेज यूनिवर्सिटी तरण पुष्कर में आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर भोपाल टीम का चयन भी किया गया, जो 16 से 18 जुलाई तक इंदौर में होने वाली 54वीं मध्यप्रदेश राज्य सब जूनियर एवं मिनी ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी. प्रतियोगिता में जिले के 60 तैराकों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई.

# बीएनआई भोपाल ने एक साल में किया 400 करोड़ का बिजनेस

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 12 जुलाई. बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल इंडिया (बीएनआई) भोपाल के आठवें चैप्टर 'बीएनआई फिनिक्स' का शुभारंभ हुआ.**

समारोह में बीएनआई भोपाल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करम्बेलकर ने कहा कि बीएनआई की अंतरराष्ट्रीय थीम 'चेंजिंग द वे द वर्ल्ड डज़ बिजनेस' है, जबकि बीएनआई भोपाल का ध्येय वाक्य 'ट्रांसफॉर्मिंग एडमिनिस्ट्रेटिव सिटी टू अ बिजनेस सिटी' है. उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य भोपाल को केवल प्रशासनिक शहर तक सीमित न रखते हुए उसे एक मजबूत कारोबारी पहचान दिलाना है. इसके लिए स्थानीय उद्यमियों, उद्योगपतियों और व्यवसायियों को एक साझा मंच पर लाकर उनके बीच नेटवर्किंग और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है. कार्यक्रम में बीएनआई फिनिक्स के लॉन्च डायरेक्टर अभिषेक रे, अध्यक्ष आरती सिंह, उपाध्यक्ष प्रतीक सोनी, सचिव एवं कोषाध्यक्ष गोपाल केवट मौजूद रहे.

## 'संभावना' में नृत्य, कठपुतली का प्रदर्शन

**भोपाल, 12 जुलाई.** मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन, वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' में रविवार को गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य सुरेंद्र सिंह मरावी एवं साथी, अनूपपुर और राई नृत्य रामदयाल लोधी एवं साथी, अशोकनगर एवं कठपुतली प्रदर्शन दुलारे भट्ट एवं साथी, भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी गई. जनजातीय संग्रहालय् में हर रविवार को दोपहर 02 बजे से आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मप्र के पांच लोकांचलों, सात प्रमुख जनजातियों की कला परंपराओं की प्रस्तुति होती है.

# रैंप पर दिखी परंपरा और आधुनिक सोच

**वूमेन फॉर वूमेन क्लब ने किया आयोजन**

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 12 जुलाई. राजधानी के एक होटल में आकार वूमेन फॉर वूमेन क्लब द्वारा आयोजित 'रिवाज़ 2026' भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरुकता का सशक्त उत्सव बना.**

पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक सोच के समन्वय से सजे इस आयोजन में शहर की अनेक हस्तियों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत 'किड्ज़ रनवे' से हुई, जिसमें लगभग 30 बच्चों ने पुराने परिधानों को नई कल्पनाशीलता के साथ आकर्षक परिधानों में बदलकर रैंप पर प्रस्तुत किया. किसी ने मां की साड़ी को आधुनिक परिधान का रूप दिया तो किसी ने स्कूल यूनिफॉर्म को नए अंदाज में प्रस्तुत किया. 'रिवाज़-ए-नारी' कार्यक्रम में 45 महिलाओं ने रैंप वॉक के माध्यम से अपने जीवन के विभिन्न पड़ावों को अभिव्यक्त किया.



# शिविर में 155 लोगों की आंखों की जांच

## भानपुर में सेवा सदन का नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**भोपाल, 12 जुलाई. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने भानपुर क्षेत्र के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नि:शुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया.**

शिविर का शुभारंभ भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारी और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी ने किया. शिविर में 155 रोगियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई, इनमें 74 पुरूष तथा 81 महिला रोगी शामिल हैं. नेत्र जांच में 50 व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में भर्ती किया. सोमवार को मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जायेंगे. अन्य रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं. डॉ. हृदय मोहन ने नेत्र रोगियों के ब्लड प्रेशर, मधुमेह की जांच भी की. अगला शिविर रविवार 19 जुलाई को महाराणा प्रताप भवन, चार इमली, मेन रोड नंबर 3, एकांत पार्क के सामने भोपाल में लगाया जाएगा.



## नंदीश्वर जिनालय में भगवान नेमिनाथ की पूजा-अर्चना

**भोपाल, 12 जुलाई.** नंदीश्वर जिनालय में विश्रुत सागर महाराज मुनि निर्वेद सागर महाराज के सान्निध्य में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा के साथ अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई. मुनिश्री ने दान का महत्व बताते हुए कहा दान में दिखावा नहीं होना चाहिए, जैन सिद्धांत में चार प्रकार के दान का महत्व बताया गया है, आहार दान ज्ञान दान क्षमा दान ओर औषधि दान, उन्होंने कहा हमेशा सम भाव रखो, ये ही सामयिक है.

# दिग्गजों ने बताए मनोरोगों के आधुनिक उपचार के तरीके

**न्यूरोमॉड्यूलेशन कार्यशाला का आयोजन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 जुलाई. शहर में मानसिक रोगों के इलाज की आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए न्यूरोमॉड्यूलेशन कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया.**

इसमें देश के कई मनोचिकित्सकों और न्यूरोसर्जनों ने बताया कि तकनीक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है. कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. आरएन साहू, न्यूरोसर्जन डॉ. परेश दोशी रहे. डॉ. साहू ने न्यूरोमॉड्यूलेशन की अवधारणा से परिचित कराया. रांची के प्रो. निशांत गोयल ने बताया टीएमएस (ट्रांसक्रैनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन मशीन) भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों से लेकर क्लीनिकल इलाज तक कैसे काम करती है. उन्होंने स्किज़ोफ्रेनिया जैसी गंभीर बीमारी में मतिभ्रम और अन्य लक्षणों को ठीक करने में इस तकनीक की उपयोगिता बताई.

**संस्कृति** | शिवाजी नगर के सामुदायिक भवन में हुआ आयोजन

# सांसद ने किया संगोष्ठी, नाट्य मंचन का शुभारंभ

**भोपाल, 12 जुलाई. सांसद आलोक शर्मा ने रविवार को शिवाजी नगर स्थित सामुदायिक भवन में अभ्यांशिका सोसाइटी एवं कला भारती समिति द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय आदिवासी नृत्य एवं संगोष्ठी तथा लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर सांसद शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. साथ ही उन्होंने सांसद निधि से सभी कलाकारों को 5,000-5,000 प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की.इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, 'आदिवासी संस्कृति भारत की प्राचीन विरासत और सांस्कृतिक आत्मा का अभिन्न अंग है. ऐसे आयोजन हमारी लोक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं.

कार्यक्रम में पार्षद शिखा मोनू गोहल, पूर्व नगर निगम कमिश्नर विनोद शुक्ला, कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रफुल्ल मिश्रा, शंकर यादव, राजेंद्र कुशवाहा, बलिस्ता रावत,पूर्व पार्षद मोनू गोहल, दुर्गेश साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक, कलाकार एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे.



# मैनिट में शिक्षकों ने सीखा डेटा विश्लेषण, अब देंगे प्रशिक्षण

**एक सप्ताह से चल रहे प्रशिक्षण का समापन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 जुलाई. मैनिट में शिक्षकों के लिए आयोजित एक सप्ताह का विशेष डेटा विश्लेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया.**

मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कॉलेजों के शिक्षकों को आधुनिक सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर जैसे एसपीएसएस, स्टाटा और आर-स्टूडियो के व्यावहारिक उपयोग में एक्सपर्ट बनाना था. जिसे मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग की स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत आयोजित किया गया. इससे राज्य में शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को एक नया आयाम मिलेगा. बता दें, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न सरकारी कॉलेजों के प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया. जिसे सीखने के बाद अब वे अपने संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और युवा शिक्षकों को आधुनिक शोध पद्धतियों की ट्रेनिंग दे सकेंगे.



इससे पूरे प्रदेश के उच्च शिक्षा तंत्र में डेटा साक्षरता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साक्ष्य-आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा. समापन कार्यक्रम में संस्थान के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और सार्वजनिक नीति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सही और सटीक फैसले लेने के लिए डेटा विश्लेषण की समझ होना बेहद जरूरी है. वहीं प्रोफेसर शैलेंद्र जैन ने कहा कि नवाचार और डेटा साक्षरता को बढ़ावा देकर उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सककता है. इस दौरान कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर मदन धनोरा ने पूरे सप्ताह की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की.